भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1885
बुधवार, 4 दिसम्बर, 2019/13 अग्रहायण, 1941 (शक)

जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में रोजगार अवसरों
का सृजन

1885. श्री अहमद पटेलः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने जम्मू, कश्मीर और लद्दाख संघ राज्य क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का सृजन करने के लिए कोई रूपरेखा तैयार की है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या करण हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (ख): प्रधान मंत्री के 7 नवम्बर, 2015 को घोषित 80,068 करोड़ रूपए के पैकेज के अंतर्गत, जम्मू एवं कश्मीर तथा लद्दाख में सड़क, विद्युत, स्वास्थ्य, पर्यटन, कृषि, बाग़बानी, कौशल विकास क्षेत्रों आदि में 63 प्रमुख विकास परियोजनाएं पहले से ही कार्यान्वियन के विभिन्न चरणों में हैं। इसके अतिरिक्त, व्यक्तिगत लाभार्थी केंद्रस्थ योजनाओं सहित भारत सरकार की अनेक फ्लैगशीप योजनाएं क्षेत्र में पूर्व-सक्रिय रूप से कार्यान्वित की जा रही हैं।

इस मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जा रही राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना में, अन्य बातों के साथ-साथ, रोजगार सेवाएं वितरित करने के लिए राज्यों/संगठनों के सहयोग से आदर्श करियर केंद्रों (एमसीसी) की स्थापना की परिकल्पना की गई है। फिलहाल, सरकार ने 7 आदर्श करियर केंद्रों को अनुमोदन प्रदान किया है जिसमें 6 जम्मू कश्मीर क्षेत्र तथा 1 लद्दाख क्षेत्र में है।

इसके अतिरिक्त, अंतर-मंत्रालीय मूल्यांकन समिति द्वारा 20.11.2019 को आयोजित इसकी बैठक में जम्मू कश्मीर संघ राज्य-क्षेत्र तथा लद्दाख संघ राज्य-क्षेत्र, प्रत्येक में क्रमशः 2-2 सहित 4 अतिरिक्त आदर्श करियर केंद्रों की सिफारिश की गई।

*****